# नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



5 घुसपैठियों पर एक्शन में योगी सरकार


6 बुंदेलखंड को विकास की सौगात


7 भारत में डिजिटल और एआई भविष्य के लिए बड़ा प्रोजेक्ट


8 यौन उत्पीड़न को लेकर तोफेल अहमद रायहान पर चार्जशीट

# एसआईआर की सीमा बढ़ी

## नई सूची में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं छूटे : आयोग

**कहां-कब तक जमा होंगी मतदाता सूची**

**18 दिसंबर तक एमपी और छग और अंडमान में**

**26 दिसंबर तक उत्तरप्रदेश में**

**14 दिसंबर तक गुजरात और तमिलनाडु में**

**01 जनवरी 2026 तक संशोधित सूचियों के संदर्भ की तिथि तय**



**नई दिल्ली, 11 दिसंबर (वार्ता) चुनाव आयोग ने मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात और तमिलनाडु तथा केंद्र शासित अंडमान निकोबार की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यक्रम में गुरुवार को संशोधन की घोषणा की. आयोग ने इन पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार के मुख्य चुनाव अधिकारियों के अनुरोध पर वहां मतगणना प्रपत्र जमा कराने और संशोधित मतदाता सूची के मसौदों के प्रकाशन की तिथियां बढ़ा दी हैं.**

आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, उत्तर प्रदेश में मतगणना प्रपत्र जमा करने की तिथि 11 दिसंबर से बढ़ाकर 26 दिसंबर कर दी गई है और राज्य की संशोधित मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा. इसी तरह मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ और केंद्र शासित अंडमान में मतगणना प्रपत्र जमा कराने की तिथि 18 दिसंबर और संशोधित मतदाता सूची के मसौदे के प्रकाशन की तिथि 23 दिसंबर कर दी गई है. गुजरात और तमिलनाडु में मतगणना प्रपत्र को जमा करने की अंतिम तारीख 14 दिसंबर कर दी गयी है और इन दोनों राज्यों की संशोधित सूची का मसौदा 19 दिसंबर को जारी किया जाएगा.

इससे पहले के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, इन सभी जगहों पर मतगणना प्रपत्र जमा करने की तिथि आज ही समाप्त हो रही थी, जबकि इनमें संशोधित सूची का मसौदा 16 दिसंबर को प्रकाशित किया जाना था. आयोग ने इससे पहले केरल में मतगणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि संशोधित कर 18 दिसंबर कर दी थी और वहां संशोधित सूची का मसौदा 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाना था.

> आयोग ने कहा है कि यह फैसला यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि नई सूची में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं छूटे. आयोग ने यह भी कहा है कि नए मतदाताओं को सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 और घोषणा पत्र भरने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है. उन्हें आयोग की वेबसाइट और ऐप के माध्यम से अपना फॉर्म और घोषणा पत्र जमा कराने की सुविधा भी है.

# पुलिस की हिरासत में लूथरा ब्रदर्स

- क्लब में लगने से 25 लोगों की हुई थी मौत
- दिल्ली से थाईलैंड के फुकेट भागे थे दोनों भाई

**नई दिल्ली, 11 दिसंबर. गोवा क्लब अग्निकांड मामले की जांच से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है. गोवा के बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब के मालिक सौरभ और गौरव लूथरा को थाईलैंड में हिरासत में लिया गया है, जिनकी पहली तस्वीर भी सामने आई है. वहीं लूथरा ब्रदर्स को भारत लाने के लिए अधिकारी फुकेट पहुंच चुके हैं. दरअसल, गोवा के बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में लगी आग में 25 लोगों की मौत हो गई थी. मृतकों में 20 स्टाफ और 5 पर्यटक शामिल थे.**




**लूथरा ब्रदर्स की अग्रिम जमानत याचिका खारिज**

गोवा अग्निकांड मामले में दिल्ली की एक अदालत ने बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब के मालिक सौरभ और गौरव लूथरा की ट्रांजिट अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। गुरुवार को जमानत याचिका रोहिणी कोर्ट की एडिशनल सेशंस जज वंदना ने खारिज की। इससे पहले बुधवार (10 दिसंबर) को आरोपियों ने चार हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत मांगी थी, जिससे थाईलैंड से दिल्ली लौटने के बाद उन्हें तुरंत गिरफ्तार न किया जाए।

हादसे के बाद दोनों भाई दिल्ली से थाईलैंड के फुकेट भाग गए थे. इससे पहले एक्शन लेते हुए पुलिस ने गोवा के बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब के मालिक लूथरा ब्रदर्स का पासपोर्ट सस्पेंड कर दिया. बताया जा रहा है कि जिस समय आग लगी और बचाव कार्य चल रहा था, उसी वक्त लूथरा ब्रदर्स ने थाइलैंड की टिकट बुक की और दिल्ली से फ्लाइट से देश छोड़कर भाग खड़े हुए. लूथरा ब्रदर्स पर गैर-इरादतन हत्या और लापरवाही का केस चल रहा है. गोवा के अरपोरा के नाइट क्लब में हुई दुखद आग की घटना के बाद एहतियात के तौर पर एक आदेश जारी करते हुए जिला प्रशासन ने टूरिस्ट जगहों के अंदर पटाखों, फुलझड़ियों और आतिशबाजी के इस्तेमाल पर रोक लगा दिया है. मामले से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत जारी किया गया है. नए आदेश के अनुसार, यह रोक पूरे उत्तर गोवा में सभी नाइट क्लब, बार और रेस्टोरेंट, होटल गेस्टहाउस, रिसॉर्ट, बीच शैक, टेम्पररी स्ट्रक्चर जैसी जगहों पर लागू होगी.

## एक नजर में



### पूर्व आईएसआई चीफ हमीद को 14 साल की कैद

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत ने इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के पूर्व प्रमुख फैज हमीद को गुरुवार को 14 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई. बताया कि पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल हमीद के खिलाफ कानूनी कार्यवाही 12 अगस्त 2024 को पाकिस्तान आर्मी एक्ट के तहत शुरू हुई थी. पाकिस्तानी सेना ने बयान में कहा कि 15 महीने की सुनवाई के बाद उनके लिए यह सजा तय की गई है. हमीद को देश की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने की हद तक शासकीय गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने, सरकारी संसाधनों एवं प्राधिकार का दुरुपयोग करने और व्यक्तियों को गलत नुकसान पहुंचाने के आरोप में दोषी पाया गया.

### 11 नक्सलियों के खिलाफ एनआईए का आरोप-पत्र

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को ओडिशा के राउरकेला जिले में पत्थर की खदान पर तक ले जाए जा रहे लगभग चार टन विस्फोटक को भाकपा (माओवादी) के कैडरों के लूटने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है. एजेंसी ने 11 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया. इन आरोपियों में जर्जा मुंडा उर्फ कुलु मुंडा, अनमोल उर्फ सुशांत उर्फ लालच हेंब्राम, रमेश उर्फ प्रीतम मांझी उर्फ अनल दा, पिंटू लोहरा उर्फ टाइगर, लालजीत उर्फ लालू, शिवा बोदरा उर्फ शिबू, अमित मुंडा उर्फ सुखलाल मुंडा, रवि उर्फ बीरेन सिंह, राजेश उर्फ मनसिद, सोहन उर्फ रंगा पुनम और आसन उर्फ़ चंद्र मोहन हांसदा शामिल हैं.

### अरुणाचल में खाई में गिरा ट्रक, 21 मौतों की आशंका

**ईटानगर.** प्रदेश के एक दुखद खबर समाने आई है, यहां खाई में गिरा ट्रक गिरने के असम के 21 मजदूरों के मरने की आशंका जताई जा रही है. अभी शवों को खाई से निकालने का कार्य जारी है. मिली जानकारी के अनुसार, असम के तिनसुकिया जिले से दिहाड़ी मजदूरों को ले जा रहा एक वाहन अरुणाचल प्रदेश में एक खाई में गिर गया. यह हादसा 8 दिसंबर की रात को चीन बॉर्डर के पास हयूलियांग-चागलागाम सड़क पर हुआ. हालांकि, इलाके के दूर होने, नेटवर्क कनेक्टिविटी की कमी और खराब सड़क की वजह से इसकी जानकारी बुधवार शाम को ही अधिकारियों को मिल पाई. भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश के चागलागम इलाके में एक बड़ा सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया है.

### डॉ. कलाम आइलैंड से बंगाल की खाड़ी तक नोटम

**नईदिल्ली.** भारत के पूर्वी हिस्से में 2520 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर में नोटम (नोटिस टू एयरमेन) जारी किया गया है। यह नोटिस टू एयरमेन/ डेंजर जोन एडवाइजरी डॉ. एपीजी अब्दुल कलाम आइलैंड (ओडिशा कोस्ट) से बंगाल की खाड़ी के एक बड़े हिस्से तक लगभग 2,520 किलोमीटर के कॉरिडोर को कवर करता है। नोटम 17 से 20 दिसंबर के बीच लागू रहेगा। इस दौरान यहां एक मिसाइल टेस्ट होने की संभावना है। हालांकि, किस मिसाइल का टेस्ट होना है, इसे लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। भारत ने इससे पहले 6-8 दिसंबर के बीच बंगाल की खाड़ी के ऊपर 14,000 किलोमीटर के इलाके में नो-फ्लाई जोन नोटिस जारी किया था।

# इंडिगो ने की मुआवजे की घोषणा

- पांच हजार से 10 हजार रुपये तक मिलेगा मुआवजा
- 10-10 हजार रुपये का ट्रैवल वाउचर भी देंगे



**नई दिल्ली, 11 दिसंबर (वार्ता) निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने 3, 4 और 5 दिसंबर को लंबे समय तक हवाई अड्डों पर फंसे रहे यात्रियों के लिए मुआवजा और ट्रैवल वाउचर की घोषणा की है.**

एयरलाइंस ने गुरुवार को जारी बयान में इस घटना पर खेद व्यक्त किया है. उसने कहा है कि सरकार के दिशा-निर्देशों के मुताबिक इन यात्रियों को पांच हजार रुपए से 10 हजार रुपये तक मुआवजा दिया जायेगा. मुआवजे की राशि इस बात पर निर्भर करेगी कि वे कितनी देर तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे. इसके अलावा इन यात्रियों को 10-10 हजार रुपये का ट्रैवल वाउचर भी दिया जाएगा. इसका इस्तेमाल अगले 12 महीने तक टिकट बुक कराने के लिए किया जा सकेगा.

बयान में कहा गया है कि इंडिगो संकट के दौरान रद्द रही सभी उड़ानों के यात्रियों के लिए रिफंड जारी कर दिया है और ज्यादातर मामलों में रिफंड की राशि पीड़ित यात्रियों के खाते में आ चुकी है. तीसरे पक्ष के प्लेटफॉर्म से बुक कराए गए रिफंड के बारे में भी एयरलाइंस ने दावा किया है कि रिफंड जारी किया है. ऐसे यात्रियों को कस्टमर. एक्सपेरियंसञ्चगोइंडिगो.इन पर ईमेल भेजने की सलाह दी गयी है.

# इंदौर में ठंड का 27 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 11 दिसंबर. इंदौर में ठंड ने कहर बरपा दिया है. मौसम में तेज ठिठुरन बढ़ गई है. ठंड के प्रकोप का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि रात के न्यूनतम तापमान ने पिछले 27 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. रात में इंदौर का तापमान 5 डिग्री से भी कम रहा है. ठंड का असर तीन दिन तक बने रहने की संभावना है.**



इंदौर में रिकॉर्ड तोड़ ठंड पड़ रही है. कल बुधवार-गुरुवार को न्यूनतम तापमान 4.5 दर्ज हुआ है. इसके पहले 1999 के दिसंबर में पारा 5 डिग्री से कम दर्ज किया गया था. मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार 1998 के दिसंबर में पारा 5 डिग्री से कम दर्ज हुआ था. इस तरह से करीब 27 साल पहले का रिकॉर्ड इस साल दिसंबर की ठंड ने तोड़ दिया है. यह बात अलग है कि आज दिन में इंदौर का तापमान 28.2 दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री कम है. दिन में ठंडी हवाओं का असर भी जारी है और 8 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चल रही है. इंदौर के मौसम में शाम 6 बजे से लेकर सुबह 8.30 तक ठिठुरन बने रहने की संभावना है.

**भीषण शीतलहर से शहर कंपकपाया**

> **भीषण शीतलहर जारी रहेगी**
> मौसम वैज्ञानिक अजय कुमार शुक्ला ने कहा कि इंदौर में अगले दो से तीन दिन शीतलहर या भीषण शीतलहर जारी रह सकती है. पारा कम ज्यादा होगा, लेकिन ठंड पड़ेगी.

प्रदेश में भीषण शीत लहर का केंद्र सिर्फ इंदौर ही बताया जा रहा है. बाकी प्रदेश के दूसरे शहर भोपाल, रायसेन, शहडोल, सीहोर में शीतलहर जारी रहेगी.

# सुको ने संजीव भट्ट की सजा को निलंबित करने से किया इनकार

- गुजरात में मादक पदार्थ प्लांट करने का मामला
- आईपीएस भट्ट की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार

**नई दिल्ली, 11 दिसंबर (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को 1996 के मादक पदार्थ प्लांट करने मामले में दी गई 20 साल की सजा को निलंबित करने से इनकार कर दिया.**

न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने गुरुवार को भट्ट की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिससे 2024 में गुजरात की एक अदालत द्वारा एनडीपीएस अधिनियम एवं भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत दी गई सजा बरकरार रही. सुनवाई के दौरान, भट्ट की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि पूर्व आईपीएस अधिकारी पहले ही सात वर्षों से अधिक समय जेल में गुजार चुके हैं और वह गैर-व्यावसायिक मात्रा में मादक पदार्थों का दोषी ठहराया गए थे.

# गंगा-यमुना की तरह पवित्र थे अटल जी

## आंध्रप्रदेश में अटल ज्योति संदेश यात्रा में शामिल हुए सीएम

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 11 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्र सेवा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया. वे हिमालय के समान विराट व्यक्तित्व के धनी थे. पूरी दुनिया में उनका एक अलग ही सम्मान है.**



वे भाषा से, भाषण से और व्यक्तित्व से गंगा-यमुना की तरह पवित्र थे. आज आंध्र प्रदेश में उनके जन्मशताब्दी वर्ष में 15 दिवसीय अटल ज्योति संदेश यात्रा की शुरुआत हुई है. यह यात्रा आंध्र प्रदेश के 20 जिलों तक पहुंचेगी और 25 दिसंबर को स्व. वाजपेयी की जयंती के अवसर पर यात्रा का समापन होगा.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आंध्र प्रदेश के सत्य साईं जिले के धर्मावरम में स्व. वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण भी हुआ है. स्व. वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1923 को ग्वालियर के एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ. उन्होंने देश-दुनिया में अपनी प्रतिभा के बल पर नाम कमाया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को धर्मावरम में अटल ज्योति संदेश यात्रा में सहभागिता की एवं स्व. वाजपेयी की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटलजी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनकर देश की जनता की सेवा की. पोखरण में परमाणु परीक्षण... (शेष पेज 02 पर)

# बालाघाट जिला नक्सल मुक्त

## दीपक पर 29 और रोहित पर 14 लाख का था इनाम

**बालाघाट, 11 दिसंबर. अंतिम हार्डकोर नक्सली दीपक ने बिरसा क्षेत्र के कोरका में अपने साथी रोहित के साथ आत्मसमर्पण कर दिया. इसके साथ ही बालाघाट जिला आधिकारिक तौर पर नक्सल मुक्त हो गया है. दीपक पर 29 लाख रुपए और रोहित पर 14 लाख रुपए का इनाम घोषित था. दोनों ने कोरका कैंप पहुंचकर हथियार त्याग दिए और पुनर्वास की इच्छा जताई.**



बालघाट के राशिमेटा गांव से प्रारंभ हुई लाल क्रांति कोरका स्थित सीआरपीएफ कैंप में दम तोड़ चुकी है. बालाघाट में सरेंडर करने वाले छोटा दीपक और रोहित के साथ नक्सलियों के औचित्य की भी लड़ाई खत्म हो चुकी है. ऐसे में बालाघाट को हम पूरी तरह नक्सल मुक्त मान सकते हैं. दरअसल, केंद्र सरकार ने 21 मार्च 2025 को घोषणा की थी कि नक्सलवाद को जड़ से खत्म करना है.

**रणनीति** पुतिन-मोदी की मुलाकात के बाद बदली ट्रंप की चाल

# अमेरिकी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को किया कॉल

- व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति पर चर्चा

**नई दिल्ली, 11 दिसंबर. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के बाद आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से टेलीफोन पर बातचीत की. फोन पर भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति पर चर्चा की. दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के लगातार मजबूत होने पर संतोष जताया.**



बातचीत में व्यापार बढ़ाने, क्रिटिकल टेक्नोलॉजी, ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में साझेदारी विस्तार पर जोर दिया गया. दोनों ने इंडिया-यूएस कॉम्पैक्ट ढांचे को 21वीं सदी की जरूरतों के अनुरूप आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई. क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विस्तृत बातचीत हुई और साझा चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति बनी. दोनों नेता संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए। पीएम मोदी ने इस बारे में खुद ट्वीट कर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रंप के साथ बहुत ही सौहार्दपूर्ण और सार्थक बातचीत हुई. हमने द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की

> **तनाव के बाद अब रिश्तों को मजबूत करने का लिया संकल्प**
> बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच मजबूत और भरोसेमंद रिश्ते बनाएंगे। बता दें कि अमेरिका ने भारत के रूसी तेल के इंपोर्ट को लेकर चिंताओं के बीच अगस्त 2025 से अधिकतर भारतीय एक्सपोर्ट पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। इस बीच अमेरिका का एक व्यापार प्रतिनिधिमंडल 10-11 दिसंबर को बातचीत के लिए भारत आया था, लेकिन अब तक कोई खास नतीजा नहीं निकला है। मार्केट एक्सेस और टैरिफ पॉलिसी पर विवादों के कारण बातचीत रुकी हुई है। इससे व्यापारिक रिश्तों में और तनाव आ गया है।

# मेक्सिको ने भारत पर 50 प्रतिशत लगाया टैरिफ

- चीन और दूसरे एशियाई देशों पर भी आदेश होगा लागू
- 1 जनवरी से लागू किया जाएगा फरमान

**नई दिल्ली, 11 दिसंबर. भारत पर अमेरिका द्वारा 50 फीसदी टैरिफ लगाने के चार महीने बाद अब मेक्सिको ने भी 50 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है. मेक्सिको ने भारत के साथ-साथ चीन और दूसरे एशियाई देशों से आने वाले चुनिंदा उत्पादों के आयात पर भी 50 फीसदी का टैरिफ लगाया है.**

मेक्सिको ने अपने इस फैसले को राष्ट्रीय उद्योग और उत्पादकों की सुरक्षा के लिए अहम बताया है. मेक्सिको द्वारा लगाया गया 50 फीसदी टैरिफ अगले साल 1 जनवरी से लागू होने वाला है.

मेक्सिको ने जिन उत्पादों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया है, उनमें ऑटो पार्ट्स, हल्की कारें, कपड़े, प्लास्टिक, स्टील, घरेलू उपकरण, खिलौने, कपड़ा, फर्नीचर, जूते, चमड़े के सामान, कागज, कार्डबोर्ड, मोटरसाइकिल, एल्यूमीनियम, ट्रेलर, कांच, साबुन, इत्र और सौंदर्य प्रसाधन जैसे उत्पाद शामिल हैं. भारत, दक्षिण कोरिया, चीन, थाईलैंड और इंडोनेशिया जैसे वे देश प्रभावित होंगे जिनका मेक्सिको के साथ व्यापार समझौता नहीं है.